हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 24 फरवरी, 2022/5 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 28

उप-कार्यालय

***4564 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार लोगों को शीघ्र एवं सुगम सुविधा प्रदान करने हेतु प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का उप-कार्यालय खोलने तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को नियुक्ति करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

एम्स बिलासपुर

***4565 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) एम्स बिलासपुर के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; अभी तक इसमें किन-किन भवनों का निर्माण हो चुका है और किन-किन का कार्य चल रहा है; ब्यौरा भवनों पर व्यय हुई धनराशि सहित दें;

(ख) इस संस्थान में कौन-कौन से संकाय कार्यरत हैं, उनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इस संस्थान को कब से कार्यात्मक किया गया है और तब से अभी तक कुल कितनी ओ0पी0डी0 और सर्जरी हुई हैं; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***4566 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वेदिक विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

पी0एम0ए0वाई0 के अन्तर्गत स्वीकृति

***4567 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कितने मकान नगर इकाइयों (नगर निगम, नगर परिषद् व नगर पंचायत) में स्वीकृत हुए हैं; और

(ख) इनमें से कितने मकानों के लिए धनराशि आबंटित हो चुकी है; पहली, दूसरी व तीसरी किश्त का ब्यौरा मकानवार, इकाईवार एवं वर्षवार दें?

डी0पी0आर0

***4568 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) विधायक प्राथमिकता सम्पर्क सड़क सुंगरा-कण्डा की डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) पलिंगी-नियार सम्पर्क सड़क के सुधार की कितनी एस्टीमेट कॉस्ट थी; कितनी धनराशि इस कार्य पर अब तक व्यय की गई है तथा कितना कार्य शेष है; इस कार्य की डी0पी0आर0 व किए गए कार्य का ब्यौरा आर0डी0 सहित दें?

एन0सी0सी0 अकैडमी व राज्य एन0डी0आर0एफ0 बटालियन

***4569 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एन0सी0सी0 अकैडमी व राज्य एन0डी0आर0एफ0 बटालियन को स्थापित किया जाना प्रस्तावित है; इनके भवन निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा तथा इनके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; इनके निर्माण के लिए क्या औपचारिकताएं शेष रहती हैं; ब्यौरा दें?

Creation of Posts

***4570 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of all the categories are created in 7^{th} Circle along with all the PWD Divisions under it and since when; and

(b) what steps the Government is taking to fill-up these posts; details be given?

लैप्रोस्कोपी मशीन

***4571 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज शिमला में पत्थरी, अल्सर एवं रसौली इत्यादि रोगों के ऑपरेशन/सर्जरी के लिए पुरानी लैप्रोस्कोपी मशीन को उपयोग में लाया जा रहा है; यदि हां, तो सरकार कब तक मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनज़र आधुनिक लैप्रोस्कोपी मशीन की व्यवस्था करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

टैक्स

***4572 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना) :**
श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार पंजाब व अन्य राज्यों से क्रय की गई इमारती लकड़ी व अन्य सामान पर

जी0एस0टी0 के अलावा बैरियरों पर कौन-कौन सा टैक्स वसूल कर रही है; और

(ख) सरकार 5% मार्केट कमेटी टैक्स भी वसूल कर रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

Shamti Bypass

***4573 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of construction of Shamti Bypass road; details be given?

इंडोर स्टेडियम निर्माण

***4574 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा सुन्दरनगर में इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया; इस कार्य के लिए किस मद से धनराशि स्वीकृत की गई; वर्तमान में कार्यकारी एजेंसी को कितनी धनराशि आबंटित की गई; यह कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा; ब्यौरा दें?

विधायक प्राथमिकता

***4575 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में कितनी सड़कें तथा पेयजल व सिंचाई योजनाएं नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत हुई हैं; नाम व लागत सहित ब्यौरा दें?

बस रूट

***4576 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों के लिए कुल्लू जिला तथा जोगिन्द्रनगर परिवहन डिपो से कितनी निजी व निगम की बसें / रूट कब से विभाग की अनुमति से चल रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि ये रूट / बसें दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को अपनी सेवाएं नहीं दे रहे हैं व साथ ही सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रहे हैं; यदि हां, तो ब्यौरा रूटवार कारणों सहित दें; और

(ग) क्या भविष्य में इस डिपो से चौहार क्षेत्र के बरोट-मेयोट, थलटूखोड़, मढ़ सुधार, पधर, कुफरी व रोपा की सड़कों में नए रूट शुरू किए जाएंगे; यदि नहीं, तो कारण सहित पूर्ण ब्यौरा दें?

चिकित्सकों के आवास

***4577 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल रोहडू में चिकित्सकों के आवास निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इसकी निविदा कब की गई व किसको आबंटित की गई?

7th Pay Commission

***4578 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) has the Government decided the norms of the 3rd option for fixation of the salaries under the 7th Pay Commission; has the Government veted the option as given by the employees as required by law, from when would the new pay scales come into operation and how would the arrears be paid;

(b) what are the different allowances that would be paid to the employees and officers; are they equivalent to Punjab; give all details with comparison in relation to Punjab; and

(c) what percentage of non practising allowance are being proposed to the allopathic and veterinary doctors and would it be merged with the basic pay, does the Government propose to get the IT Teachers in Schools and Colleges, SMC Teachers, Red Cross Society, RKS, AIDS Society, 108 and 102 employees with in the purview of the 7th Pay Commission; details be given?

अस्पताल भवन

***4579 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भोरंज में बनने वाले नये अस्पताल भवन का कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

छैला-नेरीपुल-ओच्छघाट-कुमारहट्टी सड़क

***4580 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) छैला-नेरीपुल- ओच्छघाट-कुमारहट्टी सड़क की कुल कितनी लम्बाई है; इसके रख-रखाव व स्तरोन्नत करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) इस सड़क को सरकार राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित करने के लिए केन्द्र से अनुमोदित करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

मुख्य मंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना

***4581 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक मुख्य मंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के अन्तर्गत कितने लोगों को रोज़गार प्रदान किया गया व कितने कार्य दिवस सुनिश्चित किए गए; सूचना शहरी इकाईवार दें;

(ख) 31 जनवरी, 2022 तक इनमें से कितने कार्य दिवसों का भुगतान हुआ; इकाईवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में इकाइयों को कितना धन मुख्य मंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के तहत उपलब्ध करवाया गया है; इकाईवार ब्यौरा दें?

भावा-मुद सम्पर्क सड़क

***4582 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भावा-मुद सम्पर्क सड़क की फॉरैस्ट क्लीयरेंस की स्वीकृति कब प्रदान की गई; और

(ख) इस सम्पर्क सड़क की अनुमानित लागत क्या है; क्या इस सड़क पर कुसतरिंग जोत पर ट्रैफिक टनल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

रोप-वे निर्माण

***4583 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार पर्यटन की दृष्टि से रोप-वे का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; स्थान सहित ब्यौरा दें?

ट्रेस एण्ड ट्रैक आई0टी0 परियोजना

***4584 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में आबकारी एवं कराधान विभाग को शराब बॉटलिंग यूनिट के बेहतर विनियमन हेतु विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित ट्रेस एण्ड ट्रैक आई0टी0 परियोजना को शुरू नहीं किया गया है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस योजना को लागू न करने से प्रदेश को पांच करोड़ की वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं हुई है; यदि हां, तो इसे कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

Oxygen Plants & Oxygen Concentrator

***4585 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला ऊना में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कितने व कहां-कहां ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किये गए; इन प्लांट्स को स्थापित करने से कितने Oxygen Concentrator क्रय किए गए

व कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) ऑक्सीजन प्लांट्स जहाँ स्थापित किये गए हैं; क्या सरकार वहां पर मौजूद Oxygen Concentrator को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों या अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में इस्तेमाल करने का विचार रखती है ?

Walking Path

***4586 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that whether is it a fact that walking path between Chambaghat and St. Luke's School Solan has been hanging fire for quite sometime past; by when the Government will complete this work; details be given?

कार पार्किंग

***4587 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुन्दरनगर नगर परिषद् में कार पार्किंग निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया; वर्तमान में कार्यकारी एजैंसी को अब तक कितनी धनराशि आबंटित की गई; यह कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

विशेषज्ञ डॉक्टर

***4588 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल करसोग में विभिन्न विभागों में (स्त्री रोग विशेषज्ञ, ऑर्थो व बाल रोग विशेषज्ञ इत्यादि) डॉक्टरों के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भर्ती

***4589 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत फर्मेटा बायोटैक कम्पनी कार्यरत है; यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितने लोगों को इस कम्पनी में रोज़गार प्रदान किया गया; ब्यौरा श्रेणीवार लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) क्या यह भर्ती उद्योग और श्रम व रोज़गार विभाग के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत की गई है; यदि नहीं, तो यह भर्ती किन नियमों के अन्तर्गत की गई है; ब्यौरा दें?

होटल निर्माण

***4590 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पर्यटन विभाग द्वारा सुंगरी में होटल बनाना प्रस्तावित था; यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से चांशल, कालका पतलाऊ, चन्द्रनाहन स्थानों को विकसित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Administrative Order

***4591 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) when was the interim order made by the Hon'ble High Court of Himachal Pradesh in the Civil Writ Petition 2395 of 2020; was any Administrative Order made by the PWD in respect of that order; if not, why not; is there any provision to sell Form-W and Form-X under the Law;

(b) how many establishments are registered under the Mines & Minerals (Development and Regulation) Act 1957 in District Shimla; what is the capacity of each establishment to produce different minor minerals per month; give details of each establishment, its owner, place of establishment and its production capacity etc.; and

(c) were barriers have been established under the rules to ascertain the quantity of minerals as per the specifications stated in Form-W and Form-X, in Shimla District; details be given?

Yash Paul Sharma,

Secretary.